* **प्रस्तावना** :- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत की स्वतंत्रता से पहले अपने समय के दौरान "स्वच्छता आजादी से अधिक महत्वपूर्ण है" कहा था। वे भारत के बुरे और गन्दी स्थिति से अच्छी तरह परिचित थे। उन्होंने भारत के लोगों को साफ-सफाई और स्वच्छता के बारे और इससे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने पे बहोत जोर दिया था। हालांकि यह लोगो के कम रूचि के कारण असफल रहा। भारत की आजादी के कई वर्षों के बाद, सफाई के प्रभावी अभियान के रूप में इसे आरम्भ किया गया है और लोगो के सक्रिय भागीदारी चाहती है जिससे इस मिशन को सफलता मिले।

* **स्वच्छ भारत अभियान की महता** :- भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जून 2014 में संसद को संबोधित करते हुए कहा कि "एक स्वच्छ भारत मिशन शुरू किया जाएगा जो देश भर में स्वच्छता, वेस्ट मैनेजमेंट और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए होगा। यह महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर 2019 में हमारे तरफ से श्रद्धांजलि होगी"। महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने और दुनिया भर में भारत को एक आदर्श देश बनाने के क्रम में, भारत के प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी के जन्मदिन (2 अक्टूबर 2014) पर स्वच्छ भारत अभियान नामक एक अभियान शुरू किया। इस अभियान के पूरा होने का लक्ष्य 2019 है जो की महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती है।

इस अभियान के माध्यम से भारत सरकार वेस्ट मैनेजमेंट तकनीकों को बढ़ाने के द्वारा स्वच्छता की समस्याओं का समाधान करेगी। स्वच्छ भारत आंदोलन पूरी तरह से देश की आर्थिक ताकत के साथ जुड़ा हुआ है। महात्मा गांधी के जन्म की तारीख मिशन के शुभारंभ और समापन की तारीख है। स्वच्छ भारत मिशन शुरू करने के पीछे मूल लक्ष्य, देश भर में शौचालय की सुविधा देना, साथ ही दैनिक दिनचर्या में लोगों के सभी अस्वस्थ आदतो को समाप्त करना है। भारत में पहली बार सफाई अभियान 25 सितंबर 2014 में शुरू हुयी और इसका आरम्भ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सड़क की सफाई से की गयी।

* **उपसंहार** :- इस मिशन की सफलता परोक्ष रूप से भारत में व्यापार के निवेशकों का ध्यान आकर्षित करना, जीडीपी विकास दर बढ़ाने के लिए, दुनिया भर से पर्यटकों को ध्यान खींचना, रोजगार के स्रोतों की विविधता लाने के लिए, स्वास्थ्य लागत को कम करने, मृत्यु दर को कम करने, और घातक बीमारी की दर कम करने और भी कई चीजो में सहायक होंगी। स्वच्छ भारत अधिक पर्यटकों को लाएगी और इससे आर्थिक हालत में सुधार होगी। भारत के प्रधानमंत्री ने हर भारतीय को 100 घंटे प्रति वर्ष समर्पित करने के लिए अनुरोध किया है जोकि 2019 तक इस देश को एक स्वच्छ देश बनाने के लिए पर्याप्त है।

३. इंटरनेट

* **प्रस्तावना** :- आधुनिक समय में, पूरी दुनिया में इंटरनेट एक बहुत ही शक्तिशाली और दिलचस्प माध्यम बनता जा रहा है। ये एक नेटवर्कों का नेटवर्क है और कई सारी सेवाओं तथा संसाधनों का समूह है जो हमें कई प्रकार से लाभ पहुँचाता है। इसके इस्तेमाल से हमलोग कहीं से भी वर्ल्ड वाइड वेब तक पहुँच सकते है। ये हमें बड़ी तादाद में सुविधा मुहैया कराता है जैसे-ईमेल, सर्फिंग सर्च इंजन, सोशल मीडिया के द्वारा बड़ी हस्तियों से जुड़ना, वेब पोर्टल तक पहुँच, शिक्षाप्रद वेबसाइटों को खोलना, रोजमर्रा की सूचनाओं से अवगत रहना, विडियो बातचीत आदि। ये सभी का सबसे अच्छा दोस्त बनता है।

* **इंटरनेट की महता** :- आधुनिक समय में लगभग हर कोई इंटरनेट का इस्तेमाल विभिन्न उद्देश्यों के लिये कर रहा है। जबकि हमें अपने जीवन पर इससे पड़ने वाले फायदे-नुकसान के बारे में भी जानना चाहिये। विद्यार्थीयों के लिये इसकी उपलब्धता जितनी लाभप्रद है उतनी ही नुकसानदायक भी क्योंकि बच्चे अपने माता-पिता के चोरी से इसके माध्यम से गलत वेबसाइटों का भी इस्तेमाल करते है जोकि उनके भविष्य

को नुकसान पहुँचा सकता है। ज्यादातर माता-पिता इस खतरे को समझते है लेकिन कुछ इसे नज़रअंदाज कर देते है और खुलकर इंटरनेट का इस्तेमाल करते है। इसलिये घर में बच्चों द्वारा इंटरनेट का इस्तेमाल अभिवावकों की देखरेख में होनी चाहिये। अपने कम्प्यूटर सिस्टम में पासवर्ड और प्रयोक्ता नाम डाल कर अपने खास डाटा को दूसरों से सुरक्षित रख सकते है। इंटरनेट हमें किसी भी ऐप्लिकेशन प्रोग्राम के द्वारा अपने दोस्त, माता-पिता और शिक्षकों को किसी भी क्षण संदेश भेजने की आजादी देता है। ये जान कर हैरानी होगी कि उत्तरी कोरिया, म्यांमार आदि कुछ देशों में इंटरनेट पर पाबंदी है क्योंकि वो इसे बुरा समझते है।

* **उपसंहार** :- कभी-कभी इंटरनेट से सीधे-तौर पर कुछ भी डाउनलोड करने के दौरान, हमारे कम्प्यूटर में वाइरस, मालवेयर, स्पाइवेयर, और दूसरे गलत प्रोग्राम आ जाते है जो हमारे सिस्टम को नुकसान पहुँचा सकते है। ऐसा भी हो सकता है कि हमारे सिस्टम में रखे डाटा को बिना हमारी जानकारी के पासवर्ड होने के बावजूद भी इंटरनेट के द्वारा हैक कर लिया जाये। इंटरने से भी लाभ भी हैं और हानियाँ भी हैं, अब सिर्फ हम निर्भर होता है कि इसका इस्तेमाल कैसे करते हैं।

४. बढती हुई जनसंख्या

* **प्रस्तावना** :- जनसंख्या किसी भी राष्ट्र के लिए अमूल्य पूंजी होती है, जो वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन करती है, वितरण करती है और उपभोग भी करती है । जनसंख्या देश के आर्थिक विकास का संवर्द्धन करती है । इसीलिए जनसंख्या को किसी भी देश के साधन और साध्य का दर्जा दिया जाता है । लेकिन अति किसी भी चीज की अच्छी नहीं होती । फिर चाहे वह अति जनसंख्या की ही क्यों न हो ? वर्तमान में भारत की जनसंख्या वृद्धि इसी सच्चाई का उदाहरण है ।

* **जनसंख्या वृद्धि की समस्या** :- जनसंख्या वृद्धि के कारण पूरे देश की दो तिहाई शहरी आबादी को २०३० में शुद्ध पेय जल नसीब नहीं होगा । वर्तमान में पानी की प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति उपलब्धता जहाँ १५२५ घन मी. है, वहीं २०२५ में यह उपलब्धता मात्र १०६० घन मी. होगी । वर्तमान में प्रति दस हजार व्यक्तियों पर ३ चिकित्सक तथा १० बिस्तर है, २०३० में उनके बारे में सोचना भी मुश्किल होगा । भारत की जनसंख्या वृद्धि के लिए जिम्मेदार राज्यों में आंध्र-प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल देश की कुल आबादी का १४ प्रतिशत योगदान करते हैं तो वहीं महाराष्ट्र, गुजरात इसमें ११ प्रतिशत की वृद्धि करते हैं । जनसंख्या वृद्धि के बोझ का ही यह परिणाम है कि एक तरफ जहाँ हमारी जमीन उर्वरकों के कारण अनउपजाऊ होती जा रही है । पैदावार कम होने के कारण लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं ।

विश्व के कृषि भू-भाग का मात्र २.४ प्रतिशत भारत में है जबकि यहाँ की आबादी दुनिया की कुल आबादी का १६.७ प्रतिशत है । विश्व में सबसे पहले १९५२ में आधिकारिक रूप से जनसंख्या नियंत्रण हेतु परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाया ।

* **उपसंहार** :- जनसंख्या वृद्धि की गति से मानव की आवश्यकताओं और संसाधनों की पूर्ति करना असंभव होता जा रहा है । इससे जीवन मूल्यों में गिरावट आ रही है । अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, गरीब और गरीब । अमीर-गरीब के बीच की खाई गहराती जा रही है । पर्यावरण विषाक्त करने में भी जनसंख्या एक प्रमुख कारण है । इन सारी बातों पर गौर करें तो यही निष्कर्ष निकलकर आता है कि जनसंख्या पर नियंत्रण युद्ध स्तर पर करना होगा ।

५. बेरोजगारी

प्रस्तावना :- उस विशेष अवस्था को, जब देश में कार्य करनेवाली जनशक्ति अधिक होती हैं किंतु काम करने के लिए राजी होते हुए भी बहुतों को प्रचलित मजदूरी पर कार्य नहीं मिलता, **बेरोजगारी** (Unemployment) की संज्ञा दी जाती है। ऐसे व्यक्तियों का जो मानसिक एवं शारीरिक दृष्टि से कार्य करने के योग्य और इच्छुक हैं परंतु जिन्हें प्रचलित मजदूरी पर कार्य नहीं मिलता, उन्हें **बेकार** कहा जाता है। मजदूरी की दर से तात्पर्य प्रचलित मजदूरी की दर से है और मजदूरी प्राप्त करने की इच्छा का अर्थ प्रचलित मजदूरी की दरों पर कार्य करने की इच्छा है। यदि कोई व्यक्ति उसी समय काम करना चाहे जब प्रचलित मजदूरी की दर पंद्रह रुपए प्रतिदिन हो और उस समय काम करने से इन्कार कर दे जब प्रचलित मजदूरी बारह रुपए प्रतिदिन हो, ऐसे व्यक्ति को बेकार अथवा बेरोजगारी की अवस्था से त्रस्त नहीं कहा जा सकता।

* **बेरोजगारी समस्या का असर** :- भारत एक विशाल जनसंख्या वाला राष्ट्र है. जनसंख्या जितनी तेजी से विकास कर रही है, व्यक्तियों का आर्थिक स्तर और रोजगार के अवसर उतनी ही तेज गति से गिरते जा रहे हैं. भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए यह संभव नहीं है कि वह इतनी बड़ी जनसंख्या को रोजगार दिलवा सके. रोजगार की तलाश में दिन-रात एक कर रहे व्यक्तियों की संख्या, साधनों और उपलब्ध अवसरों की संख्या से कहीं अधिक है. यही कारण है कि आज भी अधिकांश युवा बेरोजगारी में ही जीवन व्यतीत करने के लिए विवश हैं. बेरोजगारी से जुड़ा मसला केवल बढ़ती जनसंख्या तक ही सीमित नहीं है. हमारी व्यवस्था और उसमें व्याप्त कमियां भी इसके लिए प्रमुख रूप से उत्तरदायी हैं. भ्रष्टाचार ऐसी ही एक सामाजिक और नैतिक बुराई है, जिसका अनुसरण हमारी सरकारें और व्यवस्था बिना किसी हिचक के करती हैं. पैसे के एवज में अवसरों की दलाली करना या भाई-भतीजावाद के

फेर में पड़ते हुए अपने संभावियों को स्थान उपलब्ध करवाना कोई नई बात नहीं, बल्कि हमारी सोसाइटी की एक परंपरा है. जिसका कुप्रभाव योग्य व्यक्तियों और उनकी काबिलियत पर पड़ता हैं. परिणामस्वरूप कई युवा विवश होकर अपने परिवार के लिए अनैतिक कृत्यों में लिप्त हो जाते हैं। इतना ही नहीं विकास और औद्योगीकरण के नाम पर हमारी कल्याणकारी सरकारें बहुराष्ट्रीय कम्पनियों व बड़े पूंजीपतियों के लिए गरीब खेतिहर किसानों से बहुत थोड़े मूल्य पर भूमि का अधिग्रहण करने से भी पीछे नहीं हटतीं. उनका कहना यह है कि अधिग्रहित भूमि बंजर है, जबकि वास्तविकता यह है कि जो भूमि उस किसान और उसके पूरी परिवार को रोजगार उपलब्ध करवाती थी, वह बंजर कैसे हो सकती है।

उपसंहार :- वास्तव में बेरोजगारी कि समस्या एक दानव की तरह हमारे देश के नवयुवकों को खा रही हैI भारत में बढ़ती बेरोजगारी को, जनसंख्या, बड़े पैमाने पर व्याप्त अशिक्षा और भ्रष्टाचार समान रूप से बल प्रदान कर रहे हैं. इसी कारण देश में आपराधिक वारदातों से संबंधित आंकड़ा भी दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है. अगर संजीदा होकर इन सभी कारकों में से एक को भी घटाने का प्रयास किया जाए, तो बेरोजगारी की समस्या को समाप्त करना आसान हो सकता है।

व्याकरण

1. प्रेरणार्थक शब्द

खाना ---→ खिलाना ---→ खिलवाना
उतरा --→ उतारा --→ उतरवाया

क्रिया	प्र.प्रे. रुप	द्वि.प्रे. रुप
हँसना	हँसाना	हँसवाना
उडना	उडाना	उडवाना
पढना	पढाना	पढवाना
उठना	उठाना	उठवाना
करना	कराना	करवाना

धातु	क्रिया	प्र.प्रे.रुप	द्वि.प्रे.रुप
उठ	उठना	उठाना	उठवाना
चल	चलना	चलाना	चलवाना
लिख	लिखना	लिखाना	लिख्वाना
दौड	दौडना	दौडाना	दौडवाना
ओढ	ओढना	ओढाना	ओढवाना
धातु	क्रिया	प्र.प्रे.रुप	द्वि.प्रे.रुप
जग	जागना	जगाना	जगवाना
जीत	जीतना	जिताना	जितवाना
खेल	खेलना	खिलाना	खिलवाना
बैठ	बैठना	बिठाना	बिठवाना

- **पाठों के अभ्यास से :-**

क्रिया	प्रथम प्रे. रुप	द्वितीय प्रे. रुप
पढना	पढाना	पढवाना

लिखना	लिखाना	लिखवाना
करना	कराना	करवामा
उठना	उठाना	उठवाना
चलना	चलाना	चलवाना
सुनना	सुनाना	सुनवाना
समझना	समझाना	समझवाना
देना	दिलाना	दिलवाना
पकडना	पकडाना	पकडवाना
बैठना	बिठाना	बिठवाना
चिपकना	चिपकाना	चिपकवाना
मिलना	मिलाना	मिलवाना
देखना	दिखाना	दिखवाना
छेडना	छिडाना	छिडवाना
भेजना	भिजाना	भिजवाना
सोना	सुलाना	सुलवाना
रोना	रुलाना	रुलवाना
धोना	धुलाना	धुलवाना
पीना	पिलाना	पिलवाना
सीना	सिलाना	सिलवाना
ठहरना	ठहराना	ठहरवाना
लौटना	लौटाना	लौटवाना
उतरना	उतराना	उतरवाना
पहनना	पहनाना	पहनवाना
बनना	बनाना	बनवाना

2. संधि

शिव + आलय = शिवालय (अ+आ=आ)
धर्म + अधिकारी = धर्माधिकारी (अ+अ=आ)

- संधि के भेद :-

१. स्वर संधि
२. व्यंजन संधि
३. विसर्ग संधि

- **स्वर संधि के पाँच भेद :-**

१. दीर्घ संधि
२. गुण संधि
३. वृध्दि संधि
४. यण संधि
५. अयादि संधि

दीर्घ संधि :-

क. समान + अधिकार = समानाधिकार अ+अ=आ
धर्म + आत्मा = धर्मात्मा अ+आ=आ
विद्या + अर्थी = विद्यार्थी आ+अ=आ
विद्या + आलय = विद्यालय आ+आ=आ
ख. कवि + इंद्र = कवींद्र इ+इ=ई
गिरि + ईश = गिरीश इ+ई=ई
मही + इंद्र = महींद्र ई+इ=ई
रजनी + ईश = रजनीश ई=ई=ई
ग. लघु + उत्तर = लघूत्तर उ+उ=ऊ
सिंधु + ऊर्जा = सिंधूर्जा उ+ऊ=ऊ
वधू + उत्सव = वधूत्सव ऊ+उ=ऊ
भू + ऊर्जा = भूर्जा ऊ+ऊ=ऊ
घ. पितृ + ऋण = पितृण ऋ+ऋ=ऋ

गुण संधि :-

क. गज + इंद्र = गजेंद्र अ+इ=ए
परम + ईश्वर = परमेश्वर अ+ई=ए
महा + इंद्र = महेंद्र आ+इ=ए
रमा + ईश = रमेश आ+ई=ए
ख. वार्षिक + उत्सव = वार्षिकोत्सव अ+उ=ओ
जल + ऊर्मि = जलोर्मि अ+ऊ=ओ
महा + उत्सव = महोत्सव आ+उ=ओ
महा + ऊर्मि = महोर्मि आ+ऊ=ओ
ग. सप्त + ऋषि = सप्तर्षि अ+ऋ=ऋ
महा + ऋषि = महर्षि आ+ऋ=ऋ

वृध्दि संधि :-

क. एक + एक = एकैक अ+ए=ऐ
मत + ऐक्य = मतैक्य अ+ऐ=ऐ
सदा + एव = सदैव आ+ए=ऐ
महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य आ+ऐ=ऐ
ख. परम + ओज = परमौज अ+ओ=औ
वन + औषधि = वनौषधि अ+औ=औ
महा + ओजस्वी = महौजस्वी आ+ओ=औ
महा + औषधि = महौषधि आ+औ=औ

यण संधि :-

अति + अधिक = अत्यधिक इ+अ=य
इति + आदि = इत्यादि इ+आ=या
प्रति + उपकार = प्रत्युपकार इ+उ=यु
मनु + अंतर = मन्वंतर उ+अ=व
सु + आगत = स्वागत उ+आ=व
पितृ + अनुमति = पित्रनुमति ऋ+अ=र
पितृ + आज्ञा = पित्राज्ञा ऋ+आ=र
पितृ + उपदेश = पित्रुपदेश ऋ+उ=र

अयादि संधि :-

क. चे + अन = चयन ए+अ=अय
ने + अन = नयन ए+अ=अय
ख. गै + अक = गायक ऐ+अ=आय
नै + इका = नायिका ऐ+इ=आय
ग. भो + अन = बवन ओ+अ=अव
पौ + अन = पावन औ+अ=आव
घ. नौ + इक = नाविक औ+इ=आव

व्यंजन संधि :-

१. दिक + गज = दिग्गज
२. सत + वाणी = सद्वाणी
३. अच + अंत = अजंत
४. षट + दर्शन = षड्दर्शन
५. वाक + जाल = वाग्जाल
६. तत + रुप = तद्रूप

विसर्ग संधि :-

नि: + चय = निश्चय
नि: + कपट = निष्कपट
नि: + रस = नीरस
दु: + गंध = दुर्गंध
मन: + रथ = मनोरथ
पुर: + हित = पुरोहित

- **पाठों के अभ्यास से :-**

दिग्गज	दिक+गज	व्यंजन संधि
पर्वतावली	पर्वत+आवली	दीर्घ संधि
जलाशय	जल+आशय	दीर्घ संधि
जगमोहन	जगत+मोहन	वृद्दि संधि
सदाचार	सद+आचार	दीर्घ संधि
अत्यंत	अति+अंत	यण संधि
स्वागत	सु+आगत	यण संधि
सहानुभूति	सह+अनुभूति	दीर्घ संधि
सज्जन	सत+जन	व्यंजान संधि
परोपकार	पर+उपकार	गुण संधि
निश्चिंत	नि+चिंत	विसर्ग संधि
सदैव	सदा+एव	वृध्दि संधि

3. समास

अव्ययीभाव समास :-

विग्रह	सामासिक	पहला पद

	शब्द	अव्यय
जन्म से लेकर	आजन्म	आ

खटके के बिना	बेखटके	बे
पेट भर	भरपेट	भर
जैसा संभव हो	यथासंभव	यथा
बिना जाने	अनजाने	अन

कर्मधारय समास :-

पहला पद	**दूसरा पद**	**समस्त पद**	**विग्रह**
सत	धर्म	सदधर्म	सत है जो धर्म
पीत	अंबर	पीतांबर	पीत (पीला) है जो अंबर
नील	कंठ	नीलकंठ	नील है जो कंठ

क. पहला पद उपमान तथा दूसरा पद उपमेय-

कनक	लता	कनकलता	कनक के समान लता
चंद्र	मुख	चंद्रमुख	चंद्र के समान मुख

ख. पहला पद उपमेय तथा दूसरा पद उपमान-

मुख	चंद्र	मुखचंद्र	चंद्रमा रुपी मुख
कर	कमल	करकमल	कमल रुपी कर

तत्पुरुष समास :-

क. **कर्म तत्पुरुष** :- कर्म कारक की विभक्ति 'को' का लोप होता है ।

स्वर्ग को प्राप्त	स्वर्गप्राप्त
ग्रंथ को लिखनेवाला	ग्रंथकार
गगन को चुमनेवाला	गगनचुंबी
चिडिया को मारनेवाला	चिडियामार
परलोक को गमन	परलोकगमन

ख. **करण तत्पुरुष** :- करण कारक की विभक्ति 'से' 'के द्वारा' का लोप होता है ।

उदा:-
अकाल से पीडित - अकालपीडित
सूर के द्वारा कृत - सूरकृत
शक्ति से संपन्न - शक्तिसंपन्न
रेखा के द्वारा अंकित - रेखांकित
अश्रु से पूर्ण - अश्रुपूर्ण

ग. **संप्रदान तत्पुरुष** :- संप्रदान कारक की विभक्ति 'के लिए' का लोप होता है ।

उदा:-
सत के लिए आग्रह - सत्याग्रह
राह के लिए खर्च - राहखर्च
सभा के लिए भवन - सभाभवन
देश के लिए भक्ति - देशभक्ति
देश के लिए प्रेम - देशप्रेम
गुरु के लिए दक्षिणा - गुरुदक्षिणा

घ. **अपादान तत्पुरुष** :- अपादान कारक की विभक्ति 'से' का लोप होता है ।

उदा:-
धन से हीन - धनहीन
जन्म से अंधा - जन्मांध
पथ से भ्रष्ट - पथभ्रष्ट
देश से निकाला - देशनिकाला
बंधन से मुक्त - बंधनमुक्त
धर्म से विमुख - धर्मविमुख

ङ. **संबंध तत्पुरुष** :- संबंध कारक विभक्ति 'का,की,के' का लोप होता है ।

उदा:-
प्रेम का सागर - प्रेमसागर
भू का दान - भूदान
देश का वासी - देशवासी
राजा की सभा - राजसभा
जल की धारा - जलधारा

च. **अधिकरण तत्पुरुष** :- अधिकरण कारक की विभक्ति 'में', 'पर' का लोप होता है ।

उदा:-
आप पर बीती - आपबीती
कार्य में कुशल - कार्यकुशल
दान में वीर - दानवीर
शरन में आगत - शरणागत
नर में श्रेष्ठ - नरश्रेष्ठ

व्दिगु समास :-
सात सौ (दोहों) का समूह- सतसई
तीन धाराएँ - त्रिधारा
पाँच वटों का समूह - पंचवटी
तीन वेणियों का समूह - त्रिवेणी
सौ वर्षों का समूह - शताब्दी
चार राहों का समूह - चौराह
बारह मासों का समूह - बारहमासा

द्वंद्व समास :-

विग्रह	समस्तपद
सीता और राम	सीता-राम
पाप अथवा पुण्य	पाप-पुण्य
सुबह और शाम	सुबह-शाम
सुख या दुख	सुख-दुख
दाल और रोटी	दाल-रोटी
इधर और उधर	इधर-उधर
दो और चार	दो-चार
भला या बुरा	भला-बुरा

बहुव्रीहि समास :-
मृग के लोचनों के समान नयन है जिसके- मृगनयनी
महान है जिसकी आत्मा - महात्मा
घन के समान श्याम है जो - घनश्याम
श्वेत अंबर (वस्त्रों) वाली (सरस्वती)- श्वेतांबरी
कंबा है उदर जिसका (गणेश) - लंबोदर
चक्र है पाणि (हाथ) में जिसके (विष्णु)- चक्रपाणि

तीन है नेत्र जिसके (शिव) – त्रिनेत्र
दस हैं आनन (मुँह) जिसके (रावण) दशानन –
नील है कंठ जिसका (शिव) – नीलकंठ

- **पाठों के अभ्यास से :-**

१.श्रद्धा-भक्ति = श्रद्धा और भक्ति – द्वंद्व समास
२.होशहवास = होश और हवास – द्वंद्व समास
३.चौमासा = चार मासों का समूह – व्दिगु समास
४.महात्मा = महान है आत्मा जिसकी – बहुव्रीहि समास
५.प्रतिदिन = प्रत्येक दिन – अव्ययीभाव समास
६.देश-विदेश = देश और विदेश – द्वंद्व समास
७.जलप्रपात = जल का प्रपात – संबंध तत्पुरुष समास
८.राजवंश = राजा का वंश – संबंध तत्पुरुष समास
९.राजमहल = राजा का महल – संबंध तत्पुरुष समास
१०.भारत-सरकार = भारत की सरकार – तत्पुरुष समास
११.भरपेट = पेट भर – अव्ययीभाव समास
१२.नीलकमल = नीला है जो कमल – कर्मधाराय समास
१३.राम-लक्षण = राम और लक्षण – द्वंद्व समास
१४.नवरात्री = नौ रात्री – व्दिगु समास
१५.वीणापाणी = जिसके हाथ में वीणा है (सरस्वती) – बहुब्रीहि समास

4.अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

जो दूसरों की भलाई करता हो – परोपकारी

१. जो हर समय हँसता रहता हो – हँसमुख
२. जो सबसे प्रसन्नतापूर्वक मिलता-जुलता हो – मिलनसार
३. जो ईश्वर में विश्वास करता हो – आस्तिक
४. जो सब कुछ जानता हो – सर्वज्ञ
५. जो गीत गाता हो – गायक
६. जिसकी कल्पना की जा सके – काल्पनिक

- कुछ और उदा :-

अपरिचित, मितभाषी, कवि, कवयित्री, अशक्त, पूजनीय, मांसाहारी, शाकाहारी, निर्दयी, कृपालू, निराकार, सर्वव्यापी, निरर्थक, सदाचारी, सहपाठी ।

- **पाठों के अभ्यास से :-**

१.कविता लिखनेवाला – कवि
२.निबंध लिखनेवाला – निबंधकार
३.लेख लिखनेवाला – लेखक
४.कहानी लिखनेवाला – कहानीकार
५.उपन्यास लिखनेवाला – उपन्यासकार
६.शिकार करनेवाला – शिकारी
७.कपडे धोनेवाला – धोबी
८.सब्जी बेचनेवाला – कुंजडा
९.कपडे बुननेवाला – बुनकर
१०.बहुत बोलनेवाला –बाचाल

5.मुहावरे

अंगूठा दिखाना – देने से स्पष्ट इन्कार करना।

- अन्य उदा :-

अंगारे उगलना – क्रोध में कठोर वचन बोलना
अपना उल्लू सीधा करना- काम निकालना । स्वार्थ पूरा करना ।
आग बबूला होना – क्रोधित होना।
आसमान सिर पर उठाना- शोर करना।
कमर कसना – तैयार होना
खून पसीना एक करना – बहुत मेहनत करना।
छक्के छुडाना – बूरी तरह हराना।
दाल न गलना – सफल न होना

- **पाठों के अभ्यास से :-**

होशहवास उडना = घबरा जाना
बाल-बाल बचना = खतरे से बच जाना
सातवें आसमान पर पहुँचना = अधिक प्रसन्न होना
श्रीगणेश करना = आरंभ करना
नौ-दो ग्यारह होना = भाग जाना
आँखें लाल होना = गुस्सा बढना
घोडे बेचकर सोना = निश्चिंत होकर सोना
चूँ तक न करना = चूप-चाप सहना
पसीना बहाना- परिश्रम करना
हिम्मत न हारना- धीरज रखना
बीडा उठाना- जिम्मेदारी लेना
चने के झाड पर बिठान- अधिक प्रशंसा करना

6. कहावतें

जो गरजते हैं वे बरसते नहीं – अधिक शोर मचाने वाले काम कम करते हैं ।

- **कुछ और उदा :-**

अधजल गगरी छलकत जाय – कम गुणों वाला व्यक्ति अधिक दिखावा करता है।
आम के आम गुठकियों के दाम – दुगुणा लाभ
चिराग तले अँधेरा – अपनी बुराईयाँ न दिखाई देना।
चोर की दाढी में तिनका – अपराधी स्वयं भयभीत रहता है।
डूबते को तिनके का सहारा – मुसीबत के समय थोडी सी सहायता बहुत होती है।
हाती के दाँत खाने के और दिखाने के और – सामने कुछ और, पीछे कुछ और।

7. विराम चिह्न

१. अल्प विराम -> (,)
२. अर्ध विराम -> (;)
३. पूर्ण विराम -> (।)
४. प्रश्न चिह्न -> (?)
५. विस्मयादिबोधक चिह्न -> (!)
६. योजक चिह्न -> (-)
७. उध्दरण चिह्न -> (" ") (' ')
८. कोष्ठक चिह्न -> ( )
९. विवरण चिह्न -> (:-) (:)

8. लिंग

- **लिंग के प्रकार**
  १. पुल्लिंग
  २. स्त्रीलिंग

पुल्लिंग :- जैसे- आदमी, बेटा, कुत्ता आदि।
स्त्रीलिंग :- जैसे- लडकी, औरत, माँ आदि।

पुल्लिंग	**स्त्रीलिंग**
छात्र	छात्रा
आचार्य	आचार्या
नर	नारी
नाना	नानी
कुत्ता	कुतिया
बेटा	बेटिया
सुनार	सुनारिन
नाई	नाइन
ठाकुर	ठाकुराइन
हलवाई	हलवाइन
बालक	बालिका
सेवक	सेविका
सेठ	सेठानी
नौकर	नौकरानी
शेर	शेरनी
मोर	मोरनी
महान	महती
श्रीमान	श्रीमती
भाग्यवान	भाग्यवती
स्वामी	स्वामिनी
एकाकी	एकाकिनी
दाता	दात्री
विधाता	विधात्री
भाई	बहन
नर	मादा

- **पाठों के अभ्यास से :-**

कवि – कवयित्री
लेखक – लेखिका
युवक – युवती
बालक – बालिका
मोर – मोरनी
नौकर – नौकरानी
मालिक – मालकिन
भिखारी – भिखारीन
बच्चा – बच्ची
बूढा – बूढी
लेखक – लेखिका
श्रीमान – श्रीमती
मयूर – मयूरी
कुत्ता – कुतिया
पति – पत्नी
पिता – माता
माँ – बाप

महिला `　　- पुरुष | आदमी　　- औरत

9. कारक

कारक के आठ भेद :-

क्सं	कारक	विभक्ति	रुप
१.	कर्ता कारक	ने	मैं ने, तुम ने, हम ने
२.	कर्म कारक	को	तुम को, आप को
३.	करण कारक	से	हम से, आप से
४.	संप्रदान कारक	को, के लिए	हम को, आप के लिए
५.	अपादान कारक	से	हम से, आप से
६.	संबंध कारक	का, की, के रा. री, रे	आपका, आपकी, आप के हमारा, हमारी, हमारे
७.	अधिकरण कारक	में, पर	हम में, हम पर
८.	संबोधन कारक	अरे, हे, ओ, हो, वाह	हे! राम

10. 'कि' और 'की' का प्रयोग

- 'कि' का प्रयोग :-
- 'कि' कारण बोधक अव्यय है। कार्य कारण वाचक अव्यय के रुप में उप वाक्यों के आरंभ में प्रयोग होता है।

'ಕಿ' ಇದು ಕಾರಣ ಬೋಧಕ ಅವ್ಯಯವಾಗಿದೆ. ಕಾರ್ಯ ಕಾರಣ ವಾಚಕ ಅವ್ಯಯಗಳ ರೂಪದಲ್ಲಿ ಉಪವಾಕ್ಯಗಳ ಆರಂಭದಲ್ಲಿ ಇದನ್ನು ಉಪಯೋಗಿಸುತ್ತಾರೆ.

जैसे-

क) १. राम ने कहा कि उनके पिताजी का नाम दशरथ था।

२. पुलिस ने चोर को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया।

३. बस रुकी भी नहीं थी कि लोग उसकी ओर दौड पडे।

४. पिताजी मुझे पैसे देनेवाले ही थे कि चाचाजी ने कहा " उसे पैसा मत दो।"

५. मैं बाहर जानेवाला ही था कि बारिश आ गयी।

- 'कि' अव्यय के प्रयोग से वाक्यार्थ में विकल्प का बोध होता है।

जैसे-

ख) १. तुम चाय पिओगे कि काफी?

२. राम आया कि कृष्ण?

- **'की' का प्रयोग :-**
- स्त्रीलिंग एकवचन तथा बहुवचन सूचक संज्ञा शब्दों के संबंध बताने के लिए 'की' का प्रयोग होता है।

ಸ್ತ್ರೀಲಿಂಗಗಳ ಏಕವಚನ ಅಥವಾ ಬಹುವಚನಗಳನ್ನು ಸೂಚಿಸುವ ನಾಮಪದಗಳ ಸಂಬಂಧವನ್ನು ತಿಳಿಸುವಾಗ 'की' ಯನ್ನು ಉಪಯೋಗಿಸುತ್ತಾರೆ.

जैसे :-

१. भारत की राजधानी
२. शहर की लडकियाँ
३. बेटे की लडकी
४. मोहन की किताबें
५. पिताजी की किताब
६. घर की रोटियाँ
७. आप की बातें

11. विरुध्दार्थक श

- **लिंग (जाति) सूचक**

१. माता x पिता
२. बैल x गाय
३. हाथी x हाथिनी
४. बाप x माँ

- **अन्य विपरीतार्थ शब्द :-**

१. अंधकार x प्रकाश
२. आय x व्यय
३. आगे x पीछे
४. अमृत x विष/मृत

- **उपसर्ग जोडकर विलोम शब्द :-**

१. आधार x निराधार
२. परतंत्र x स्वतंत्र
३. जय x पराजय
४. सफल x विफल/असफल

- **अ या अन से विलोम शब्द :-**

१. आदर x अनादर
२. चल x अचल
३. लिखित x अलिखित
४. आवश्यक x अनावश्यक

- **पाठों के अभ्यास से :-**

बडा x छोटा
प्रसिद्ध x कुख्यात
औपचारिक x अनौपचारिक
आरंभ x समाप्त, अंत
पूर्व x अपूर्व
निकट x दूर
पाप x पुण्य
निराशा x आशा
स्वीकार x अस्वीकार
होश x बेहोश
बढना x घटना
स्थिर x अस्थिर
मुमकिन x नामुमकिन
वरदान x अभिशाप
दुरुपयोग x सदुपयोग
अनुपयुक्त x उपयुक्त
निकट x दूर
दिन x रात
भीतर x बाहर
चढना x उतरना
विश्वास x अविश्वास
प्रिय x अप्रिय
संतोष x असंतोष
स्वस्थता x अस्वस्थता
आदर x अनादर
उपयोगी x अनुपयोगी
उपस्थिति x अनुपस्थिति
उचित x अनुचित
ईमान x बेईमान
होश x बेहोश
खबर x बेखबर
रोजगार x बेरोजगार
पीछे x आगे
खरीदना x बेचना
लेना x देना
आना x जाना
शांति x अशांति
गरीब x अमीर
सुंदर x कुरुप
विदेश x स्वदेश
आदि x अनादि
सजीव x निर्जीव
सदाचार x अनाचार
आयात x निर्यात
आगमन x प्रस्थान
रात x दिन
सवाल x जवाब
बेचना x खरीदना
सज्जन x दुर्जन
जन्म x मरण
आसान x कठिन
गरीब x अमीर
अपना x पराया
छोटे x बडे

12. वचन

- **वचन के भेद :-**
  1. एकवचन
  2. बहुवचन

एकवचन	बहुवचन
आँख	आँखें
बहन	बहनें
पुस्तक	पुस्तकें
सड़क	सड़के
गाय	गायें

बात	बातें

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
घोड़ा	घोड़े	कौआ	कौए
कुत्ता	कुत्ते	गधा	गधे
केला	केले	बेटा	बेटे

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
कन्या	कन्याएँ	अध्यापिका	अध्यापिकाएँ
कला	कलाएँ	माता	माताएँ
कविता	कविताएँ	लता	लताएँ

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
बुद्धि	बुद्धियाँ	गति	गतियाँ
कली	कलियाँ	नीति	नीतियाँ
कॉपी	कॉपियाँ	लड़की	लड़कियाँ
थाली	थालियाँ	नारी	नारियाँ

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
गुड़िया	गुड़ियाँ	बिटिया	बिटियाँ
चुहिया	चुहियाँ	कुतिया	कुतियाँ
चिड़िया	चिड़ियाँ	खटिया	खटियाँ
बुढ़िया	बुढ़ियाँ	गैया	गैयाँ

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
गौ	गौएँ	बहू	बहूएँ
वधू	वधूएँ	वस्तु	वस्तुएँ
धेनु	धेनुएँ	धातु	धातुएँ

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
अध्यापक	अध्यापकवृंद	मित्र	मित्रवर्ग
विद्यार्थी	विद्यार्थीगण	सेना	सेनादल
आप	आप लोग	गुरु	गुरुजन
श्रोता	श्रोताजन	गरीब	गरीब लोग

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन

क्षमा	क्षमा	नेता	नेता
जल	जल	प्रेम	प्रेम
गिरि	गिरि	क्रोध	क्रोध
राजा	राजा	पानी	पानी

- **<u>पाठों के अभ्यास से :-</u>**

एकवचन	बहुवचन
परिवार	परिवार
.घर	घर
योजना	योजनाएँ
कविता	कविताएँ
कहानी	कहानियाँ
कला	कलाएँ
लोग	लोग
उपाधि	उपाधियाँ
पत्र	पत्र
उडान	उडानें
आँख	आँखें
रुपया	रुपये
पैसा	पैसे
हाथ	हाथ
रोटी	रोटियाँ
पैसा	पैसे
परदा	परदे
कमरा	कमरे
दायरा	दायरे
ख़बर	ख़बरें
किताब	किताबें
जगह	जगहें
कोशिश	कोशिशें
युग	युग
दोस्त	दोस्त
कंप्यूटर	कंप्यूटर
रिश्तेदार	रिश्तेदार
कपडा	कपडें
चादर	चादर
बात	बातें
डिब्बा	डिब्बें
चीज	चीजें
व्यवस्था	व्यवस्थाएँ
सेवा	सेवाएँ
पक्षी	पज्षियाँ
गाली	गालियाँ
बच्चा	बच्चें
घर	घर

13. पर्यायवाची शब्द

पहाड़ - पर्वत , अचल, भूधर ।
आग- अग्नि,अनल,दहन,ज्वलन,धूमकेतु,कृशानु ।
अमृत-सुधा,अमिय,पियूष,सोम,मधु,अमी।
असुर-दैत्य,दानव,राक्षस,निशाचर,रजनीचर,दनुज।
अश्व - वाजि,घोडा,घोटक,रविपुत्र ,हय,तुरंग .
आम-रसाल,आम्र,सौरभ,मादक,अमृतफल,सहुकार ।
अंहकार - गर्व,अभिमान,दर्प,मद,घमंड।
आँख - लोचन, नयन, नेत्र, चक्षु, दृग, विलोचन, दृष्टि।
आकाश - नभ,गगन,अम्बर,व्योम, अनन्त, आसमान।
आनंद - हर्ष,सुख,आमोद,मोद,प्रमोद,उल्लास।
आश्रम - कुटी ,विहार,मठ,संघ,अखाडा।
आंसू - नेत्रजल,नयनजल,चक्षुजल,अश्रु ।
इंद्र - देवराज,सुरेन्द्र ,सुरपति ,अमरेश ,देवेन्द्र ,वासव ,सुरराज ,सुरेश .
इन्द्राणी - इंद्रवधु,शची,पुलोमजा .
ईश्वर- भगवान,परमेश्वर,जगदीश्वर ,विधाता।
इच्छा - अभिलाषा,चाह,कामना,लालसा,मनोरथ,आकांक्षा।
ओंठ -ओष्ठ,अधर,होठ।
कमल-पद्म,पंकज,नीरज,सरोज,जलज,जलजात ।
कृपा - प्रसाद,करुणा,दया,अनुग्रह।
गाय- गौ,धेनु,सुरभि,भद्रा ,रोहिणी।
गधा - गर्दभ ,खर,धूसर ,शीतलावाहन,चक्रीवान.
चरण -पद,पग,पाँव, पैर ।
चातक - सारन,मेघजीवन ,पपीहा ,स्वातीभक्त .
किताब -पोथी ,ग्रन्थ ,पुस्तक ।
कपड़ा -चीर,वसन, पट ,वस्त्र ,अम्बर ,परिधान ।
कामदेव - मन्मथ ,मनोज,काम,मार ,कंदर्प,अनंग ,मनसिज ,रतिनाथ ,मीनकेतू.
कुबेर - किन्नरपति , किन्नरनरेश ,यक्षराज ,धनाधिप ,धनराज ,धनेश .
किरण -ज्योति, प्रभा,रश्मि, दीप्ति, मरीचि ।

- **पाठों के अभ्यास से :-**

आयु :- उम्र, वय,
विपुल :- बहुत, ज्यादा, प्रचुर, अधिक
स्फूर्ति :- उत्साह, प्रेरणा, जोश
संपदा :- संपत्ति, दौलत, जायदाद, धन
गौरव :- सम्मान, आदर, सत्कार, अभिवादन
हिम्मत :- धैर्य, साहस
पेड :- वृक्ष, झाड
पक्षी :- पंछी, खग
महिला :- स्त्री, नारी
तबीयत :- स्वास्थ्य, आरोग्य, सेहत
पर्वत :- आद्रि, पहाड, गिरी
सागर :- समुद्र, समुंदर, रत्नाकर
आगार:- घर, ठिकाना, जगह
जल :- पानी, नीर, उदिक
आकाश :- आसमान, गगन, नभ

*****

कंठस्थ के लिए पद्य

प्रभो !

१.विमल इंदु की विशाल किरणें
प्रकाशतेरा बता रही हैं
अनादि तेरी अनंत माया
जगत् को लीला दिखा रही है!

२.प्रसार तेरी दया का कितना
देखना हो तो देखे सागर
तेरी प्रशंसा का राग प्यारे
तरंगमालाएँ गा रही हैं !

३.जो तेरी होवे दया दयानिधि
तो पूर्ण होते सबके मनोरथ
सभी ये कहते पुकार करके
यही तो आशा दिला रही है !

मातृभूमि

४.मातृ-भू,शत-शत बार प्रणाम!
अमरों की जननी,तुमको शत-शत बार प्रणाम !
मातृ-भू शत-शत बार प्रणाम !
तेरे उर में शायित गांधी, बुद्ध और राम,
मातृ-भू शत-शत बार प्रणाम ।

५.हरे-भरे खेत सुहाने ,
फल-फूलों से युत वन-उपवन,
तेरे अंदर भरा हुआ है
खनिजों का कितना व्यापक धन।
मुक्त-हस्त तू बाँट रही है
सुख-संपत्ति, धन-धाम,
मातृ-भू शत-शत बार प्रणाम!

६.एक हाथ में न्याय-पताका,
ज्ञान-दीप दूसरे हाथ में,
जग का रूप बदल दे, हे माँ,
कोटि-कोटि हम आज साथ में।
गूँज उठे जय-हिंद नाद से-
सकल नगर और ग्राम,
मातृ-भू शत-शत बार प्रणाम ।

भावार्थ लिखने के लिए पद्य

तुलसी के दोहे

१.मुखिया मुख सों चाहिए,खान पान को एक।
पालै-पोषै सकल अँग, तुलसी सहित विवेक।।

भावार्थ:-मुँह खाने-पीने का काम अकेला करता है,परंतु वह जो खाता-पीता है,उससे तन के समस्त अंगों का पालन- पोषण करता है। तुलसीदास के अनुसार समाज के नेता भी इस प्रकार विवेकवान होना चाहिए।

२.जड़ चेतन गुण-दोषमय,विस्व कीन्ह करतार।
संत-हंस गुण गहहिं पय,परिहरि वारि विकार।।

भावार्थ:-सृष्टिकर्ता ने इस जगत को जड़-चेतन और गुण - दोष से मिलाकर बनाया है,लेकिन हंस-सा साधु पानी रूपी विकारों को छोड़कर दूध रूपी अच्छे गुणों को अपनाते हैं।

३.दया धर्म का मूल है,पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण।।

भावार्थ:-दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का। कवि कहते हैं कि जब तक शरीर में प्राण रहते हैं तब तक अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए।

४.तुलसी साथी विपत्ति के विद्या विनय विवेक।
साहस सुकृति सुसत्यव्रत राम भरोसो एक।।

भावार्थ:-मनुष्य पर जब विपत्ति पड़ती है तब विद्या, विनय तथा विवेक ही उसका साथ निभाते हैं। जो राम पर भरोसा करता है, वह साहसी, सत्यव्रती और सुकृतवान बनता है।

५.राम नाम मनि दीप धरु जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहिरौ जो चाहसी उजियार।।

भावार्थ:-जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है।